मुख्यालय उत्तर प्रदेश पुलिस तकनीकी सेवायें

महानगर, लखनऊ 226006

पत्रांक: टीएस–सीसीटीएनएस–99/2018 दिनांक:जनवरी 08, 2018

सेवा में,

पुलिस अधीक्षक
जनपद शामली, उत्तर प्रदेश।

विषय:– सीसीटीएनएस योजना के अन्तर्गत विवेचना के डिजिटाइजेशन हेतु Desktop, UPS, Paper, Printer, cartridge (Toner) हार्डवेयर व सामग्री विभागीय व शासकीय नियमों के अधीन आवंटित बजट के सापेक्ष जनपद स्तर पर निर्धारित संशोधित स्पेसिफिकेशन के अनुरूप या उच्चीकृत मानक के अनुसार जनपद शामली–थाना कांधला हेतु क्रय करने व अधिष्ठापित कराये जाने हेतु अनुमति प्रदान, बजट के उपभोग किये जाने, उपभोग के उपरान्त अवशेष धनराशि की स्थिति की आख्या उपलब्ध कराये जाने विषयक।

सन्दर्भ:– इस मुख्यालय का समांक पत्र दिनांक 27.11.2018, 29.11.2018, 05.12.2018, 26.12.2019

कृपया अवगत कराना है कि मा0 उच्च न्यायालय द्वारा जमानत संख्या 8835 वर्ष 2018 रवि बनाम उ0प्र0सरकार में दिनांक 15.11.2018 को पारित आदेश के अनुपालन में दिनांक 29.11.2018 को मा0 उच्च न्यायालय को अवगत कराये जाने हेतु दिनांक 22.11.2018 को उ0प्र0शासन की बैठक में लिये गये निर्णय के कम में प्रथम चरण में जनपदीय थानों हेतु सीसीटीएनएस के कियान्वयन एवं मा0 उच्च न्यायालय द्वारा विवेचना के डिजिटाइजेशन हेतु निर्गत निर्देश के कम में Desktop, UPS, Paper, Printer, cartridge (Toner) सीसीटीएनएस में उपलब्ध बजट के सापेक्ष जनपदों को धनराशि आवंटित किया गया है।

2. इस परिप्रेक्ष्य में अपने पत्रांक एसएसआई–सीसीटीएनएस/2019 दिनांक 04.01.2019 द्वारा अपेक्षित अनुमति के कम में आपको आवंटित कम्प्यूटर, सहवर्ती उपकरण तथा सामग्री थाना कांधला हेतु क्रय करने व अधिष्ठापित कराये जाने हेतु अनुमति प्रदान की जाती है।

3. इस सम्बन्ध में इस मुख्यालय पूर्व निर्देश के कम में सीसीटीएनएस योजना के अन्तर्गत विवेचना के डिजिटाइजेशन हेतु Desktop, UPS, Paper, Printer, cartridge (Toner) हार्डवेयर व सामग्री विभागीय व शासकीय नियमों के अधीन आवंटित बजट के सापेक्ष जनपद

स्तर पर निर्धारित संलग्न **संशोधित स्पेसिफिकेशन के अनुरूप या उच्चीकृत मानक** के अनुसार **क्रय किये जाने, बजट के उपभोग किये जाने, पूर्ण क्रय प्रकिया के बाद उपभोग के उपरान्त**

अवशेष धनराशि की स्थिति की आख्या से इस मुख्यालय को तत्काल अवगत कराया जाय, ताकि इस धनराशि को व्यय किये जाने के पृथक से निर्देश जनपदों के निर्गत किये जा सकें। इस कार्यवाही को प्राथमिकता प्रदान की जाय।

(आशुतोष पाण्डेय)
अपर पुलिस महानिदेशक,
तकनीकी सेवायें, उत्तर प्रदेश, लखनऊ

प्रतिलिपिः—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. ऑकिक, तकनीकी सेवायें, उत्तर प्रदेश, को जनपद हेतु आवंटित बजट के सापेक्ष जनपद से **बजट के उपभोग किये जाने, पूर्ण क्रय प्रकिया के बाद उपभोग के उपरान्त अवशेष धनराशि की स्थिति की पाक्षिक आख्या** अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत किया जाय।
2. श्री आशीष जायसवाल, प्रोग्रामर ग्रेड—2, प्रभारी हार्डवेयर, उ0प्र0पुलिस कम्प्यूटर केन्द्र, लखनऊ को अपने अभिलेख में परिवर्तित किये जाने व अग्रेतर कार्यवाही हेतु ।
3. श्री दिग्विजय, कम्प्यूटर आपरेटर (ग्रेड—ए), उ0प्र0 पुलिस तकनीकी सेवायें मुख्यालय, लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि समस्त कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड—ए को क्यू—मेल के माध्यम से प्रेषित किये जाने व अभिलेखार्थ रिपोर्ट उपलब्ध कराये जाने हेतु।
4. प्रभारी ईमेल को पत्र मेल व वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।

कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद शामली

पत्रांक-एसएमआई-सीसीटीएनएस /2019 — दिनांक - 04/01/2019

सेवा में,

अपर पुलिस महानिदेशक,
तकनीकी सेवायें, उ0प्र0,
<u>लखनऊ।</u>

कृपया आप अपने पत्र संख्या टीएस-सीसीटीएनएस -99/2018, दिनांक- 27.11.2018 का संदर्भ ग्रहण करें, जो सीसीटीएनएस योजना के अन्तर्गत विवेचना के डिजीटाइजेशन हेतु Desktop, UPS, Paper, Printer, cartridge (toner) हार्डवेयर व सामग्री विभागीय व शासकीय नियमों के अधीन आवंटित बजट के सापेक्ष जनपद स्तर पर क्रय किये जाने विषयक है।

उपरोक्तानुसार अवगत कराना है कि आवंटित हार्डवेयर में जनपद शामली को 02 Desktop आवंटित किये गये है। जिसमे 01 Desktop थाना आदर्शमण्डी व 01 अन्य Desktop जनपद शामली के थाना मोहब्बतपुर पईंसा को आवटिंत है, जबकि मोहब्बतपुर पईंसा नाम का कोई भी थाना जनपद शामली में स्थापित नहीं है। अतः महोदय से निवदन है कि उक्त कम्प्यूटर को जनपद में हार्डवेयर की स्थिति व सर्वाधिक पंजीकृत एफआईआर की स्थिति को देखते हुए निम्नलिखित 03 थानों में से किसी एक थानें को आवंटित करने हेतु आदेश पारित करने का कष्ट करें।

क्र0सं0	जनपद का नाम	थाने का नाम
1	शामली	कांधला
2	शामली	झिंझाना
3	शामली	शामली

CO, CCTNS

आख्या सादर अवलोकनार्थ प्रेषित है।

पुलिस अधीक्षक
शामली

अपर पुलिस महानिदेशक
तकनीकी सेवायें, उत्तर प्रदेश
7/1/19

<u>प्रतिलिपि-</u>

1- अपर पुलिस महानिदेशक, मेरठ जोन मेरठ, को सादर सूचनार्थ प्रेषित है।

2- पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र,सहारनपुर को सादर सूचनार्थ प्रेषित है।